अभिविन्यास कार्यक्रम एवं फ्रेशर पार्टी

आज दिनांक 20 नवम्बर 2025 को पेस्टल बीएड कॉलेज ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी महाविद्यालय में द्विवर्षीय B.Ed., इंटीग्रेटेड चार वर्षीय B.Sc. B.Ed. एवं B.A. B.Ed. का अभिविन्यास कार्यक्रम एवं फ्रेशर पार्टी का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉ. अनीता वर्मा एवं डॉ. रिया नौटियाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया। छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया, नए छात्र-छात्राओं का अभिनंदन स्वागत गीत के साथ किया गया।नए छात्र-छात्राओं द्वारा अपना परिचय दिया गया, मनमोहक नृत्य प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में अंकुश को मिस्टर फ्रेशर एवं स्वेता को मिस फ्रेशर बनाया गया, जबकि अजय दीप सिंह को मिस्टर बॉलीवुड एवं इशिता को मिस बॉलीवुड चुना गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनीता वर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए प्रेरणादायक शब्दों से कार्यक्रम का समापन किया।